
ISO
9001 & 14001
Certified Company

multiplex®

MULTIPLEX FARMER
HAPPY FARMER

# बैक्टीनाश - 200
# BACTINASH - 200

## BACTERICIDE



**STORE IN A COOL, DRY PLACE AWAY FROM HEAT OR OPEN FLAME. KEEP OUT OF REACH OF CHILDREN AND PETS.**

**आग से दूर, सूखी और ठंडी जगह मे रखें. बच्चों की पहुंच से दूर रखें.**

*Farmers' first choice since 1974*

# मल्टीप्लेक्स बैक्टीनाश - 200

**मल्टीप्लेक्स बैक्टीनाश–200** ब्रॉड स्पेक्ट्रम जीवाणुनाशी उत्पाद में 2 ब्रोमो–2 नाइट्रो – प्रोपेन–1, 3–डियॉल सक्रिय घटक के रूप में 95% w/w शामिल है। मल्टीप्लेक्स बैक्टीनाश–200 पाउडर के रूप में उपलब्ध है। यह संश्लेषित जैविक जीवाणुनाशक है जो कई फफूंद वाले रोगों से भी बचाव में मदद करता है।

मल्टीप्लेक्स बैक्टीनाश–200 दूसरे एंटीबैक्टीरियल एजेंट्स के विपरीत कई सारे रोगवाहक बैक्टीरिया से सुरक्षा देता है। खेती में इसका व्यापक उपयोग किया जा सकता है, जो कि ग्राम पॉजिटिव और ग्राम नेगेटिव दोनों तरह के बैक्टीरिया के खिलाफ शक्तिशाली जीवाणुनाशी की तरह इस्तेमाल किया जा सकता है।

मल्टीप्लेक्स बैक्टीनाश–200 को कपास, नींबू कुल के पौधे, सेब, नाशपाती, अनार, आम, केला, पान, टमाटर, बैंगन, पत्तागोभी, आलू, मिर्च, धान, तम्बाकू आदि फसलों में ब्लैक आर्म (कपास), पत्तियों के कोणीय (एंगुलर) दाग (तम्बाकू), जीवाणुओं के कारण पड़ने वाले दाग (अनार, नींबू, आम, टमाटर, मिर्च, पान), और जीवाणुओं के कारण पौधों का सूख जाना (टमाटर, बैंगन, केला), जीवाणुओं के कारण अंगमारी (धान, अनार), काली सड़न (पत्तागोभी), तने और फलों का सड़ना (टमाटर, नींबू), भूरी सड़न (आलू), फलों की अंगमारी (सेब), और फलों व सजावटी पौधों में जीवाणुओं के कारण होने वाले दूसरे रोगों की रोकथाम के लिए पत्तियों पर छिड़काव करते हुए या सिंचाई के पानी में देकर उपयोग किया जा सकता है। इससे बीजों को भी उपचारित किया जा सकता है।

## पौधों में जीवाणुओं के कारण होने वाले रोग

- ♦ जीवाणुओं के कारण धान की अंगमारी
- ♦ नींबू कुल के फलों का जीवाणुओं के कारण सड़ना
- ♦ जीवाणुओं के कारण अनार में पत्तियों का मुरझाना या उन पर दाग पड़ना
- ♦ कपास का ब्लैक आर्म
- ♦ आलू की भूरी सड़न

## उपयोग के लिए निर्देश

**पत्तियों पर छिड़काव करने के लिए:**

**मल्टीप्लेक्स बैक्टीनाश–200:** 0.4–0.5 ग्राम मल्टीप्लेक्स बैक्टीनाश–200 को एक लीटर पानी में घोलें या 100 ग्राम प्रति एकड़ की दर से घोलें और फसलों पर छिड़काव करें।

**उपलब्ध पैकिंग:** मल्टीप्लेक्स बैक्टीनाश–200 20 ग्राम की पैकिंग में आता है।

## मल्टीप्लेक्स बैक्टीनाश–200 के फायदे

- ♦ कोई अवशेष नहीं छोड़ता।
- ♦ संपर्क जीवाणुनाशी है, तुरंत असर दिखाता है और इसलिए लम्बे समय तक इसका संपर्क आवश्यक नहीं है।
- ♦ पानी में अच्छी तरह घुल जाता है।
- ♦ दोनों उत्पाद परम्परागत कीटनाशकों और फफूंदनाशकों के अनुकूल हैं।

**नोट:** चूंकि फफूंद वाले रोग आमतौर से जीवाणुओं के प्रकोप के अनुकूल स्थितियां बनाते हैं, इसलिए मानक सिफारिशों के अनुसार उचित फफूंदनाशी नियंत्रण अपनाने की सलाह दी जाती है।

GMP GOOD MANUFACTURING PRACTICE

MAC

**मल्टीप्लेक्स एग्रीकेयर प्रा. लि.**

**MULTIPLEX AGRICARE PVT. LTD.**

No. 180, 1st Main Road, Mahalakshmi Layout, Bengaluru - 560 086. INDIA
Ph: 080-2349 7464, 2349 4406, 2349 7360 | Email: multiplex@multiplexgroup.com
Website: www.multiplexgroup.com